ब्रोकविल शहर

BROCKVILLE
CITY OF THE 1000 ISLANDS
Hometown Charm... World Class Business!

www.Brockville.com

ब्रोकविल शहर अपनी सुविधाजनक स्थिति, प्राकृतिक सुंदरता, शानदार रेस्तरां और बेहतरीन मनोरंजक सुविधाओं के लिए मशहूर है। सेंट लारेंस नदी और उसके मुहाने पर 1000 द्वीप, इस अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के सज्जित ब्रोकविल कैनेडा के सबसे अधिक खूबसूरत स्थानों में से एक है। क्या आप जानते हैं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा ब्रोकविल को रहने के लिए सबसे सुरक्षित जगह चुना गया था। समुदाय सर्वेक्षण के परिणामों से पता चलता है कि यहाँ के शहरियों में 97% यहाँ निवास करने को सबसे अधिक सुरक्षित मानते हैं। यहाँ के 99% लोग अपने घरों में खुद को सुरक्षित मानते हैं, 98% दिन में घर से बाहर और 85% शहर के किसी भी हिस्से में रात में टहलने को सुरक्षित मानते हैं ! यह एक ऐसा महत्वपूर्ण कारक है जिससे चलते परिवार और सेवानिवृत्त लोग ब्रोकविल में रहना पसंद करते हैं।

व्यापार के लिए यहाँ की महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति सभी सेवाओं के लिए सर्वोत्तम पहुंच उपलब्ध कराती है। यह शहर ओटावा, मांट्रिल और टोरंटो के बीच केन्द्रीय रूप से स्थित है और उत्तरी न्यूयार्क स्टेट से दो अंतर्राष्ट्रीय पुलों से होते हुए कुछ मिनटों की दूरी पर है। यह ऐसे लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है जो छोटे केन्द्र पर सुविधाजनक और आर्थिक केन्द्र स्थापित करना चाहते हैं। ब्रोकविल सेंट लारेंस/ग्रेट लेक्स एरिया के मध्य में स्थित है और दुनिया के सबसे बड़े आंतरिक जलप्रणालियों में से एक है, यह प्रमुख वाणिज्यिक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को व्यापारिक पहुंच उपलब्ध तो कराता ही है, साथ ही पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए विविध मनोरंजक गतिविधियों का भी केन्द्र है। ।

लीडस् और ग्रेनविल में आपका स्वागत है। आपके आगमन के लिए धन्यवाद। इस क्षेत्र में 13 म्यूनिसपैलिटी हैं और हर म्यूनिसपैलिटी का एक विशिष्ट आकर्षण, इतिहास और आर्थिक विशेषता है। इस क्षेत्र और म्यूनिसपैलिटी से आपका परिचय कराने के उद्देश्य से हमने आपकी अपनी भाषा में इनमें से प्रत्येक की प्रोफाइल तैयार की है।

कुल जनसंख्या 22,116 (Statistics Canada Census 2021)
जनवरी माह के मध्य तापमान -7 °C (19 °F)
जुलाई माह के मध्य तापमान 26 °C (79 °F)
औसत वार्षिक वर्षा 874 mm
औसत घरेलू आय $79,400
औसत बेरोजगारी दर 14.5 %
दसवीं कक्षा तक पढ़े वयस्क 3,110
कॉलेज या विश्वविद्यालय डिप्लोमा तक पढ़े वयस्क 6,090
औसत 2 बेडरूम के मासिक अपार्टमेंट किराये की लागत $1,813
औसत 3 बेडरूम अलग बंगला $353,200

अधिक जानकारी
Dayna Golledge आर्थिक विकास प्रबंधक
ब्रोकविल शहर
1 King Street West, Brockville, Ontario K6V 7A5 Canada
613-342-8772 / dgolledge@brockville.com

Leeds & Grenville IMMIGRATION PARTNERSHIP
www.NewcomersInfo.ca